प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

15.03.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने ऊना रेलवे स्टेशन से इंदौर के लिए एक्सप्रैस रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना।
- केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने युवाओं से नशामुक्त अभियान का हिस्सा बनने का किया आहवान–युवाओं को वितरित किए 3 हजार से अधिक हैलमेट।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रामपुर विधानसभा क्षेत्र में एक सौ 65 करोड़ रूपए की विकास योजनाओं के किए लोकार्पण व शिलान्यास।
- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कल की जाएगी लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा।

अब समाचार विस्तार से..........

अनुराग सिंह ठाकुर

केन्द्रीय सूचना व प्रसारण और युवा सेवाएं व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज ऊना रेलवे स्टेशन से इंदौर के लिए एक्सप्रैस रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देवभूमि हिमाचल के विकास और यहां की बेहतर कनेक्टिविटी के लिए केन्द्र की मोदी सरकार प्रतिबद्ध है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि इस रेलगाड़ी के ऊना से चलने पर यहां के यात्रियों को उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर के अलावा वृंदावन और मथुरा जाने की बेहतर सुविधा मिलेगी। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि दौलतपुर चौक रेलवे स्टेशन पर वाशिंग लाईन के लिए भी करीब 47 करोड़ रूपए का बजट केन्द्र सरकार द्वारा मुहैया करवा दिया गया है जिससे कई अन्य रेलगाड़ियों का ऊना से चलने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल में हिमाचल में रेल नेटवर्क का बड़ा विस्तार हुआ है और प्रदेश को कई बड़ी सौगातें मिली हैं।

इससे पहले अनुराग सिंह ठाकुर ने बड़सर विधानसभा क्षेत्र के समोह और ऊना जिले के कुटलैहड़ के दोघी, झण्डूता के खरोटा मंदिर और बरठीं व घुमारवीं से नशामुक्त–सुरक्षायुक्त के तहत आयोजित बाईक रैलियों में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने युवाओं को 3 हजार एक सौ 63 हैलमेट भी बांटे। अनुराग ठाकुर ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने के उद्देश्य से ये अभियान शुरू किया गया है और अभी तक 10 हजार से अधिक युवाओं को अभियान से जोड़कर उन्हें हैलमेट प्रदान किए गए हैं। युवाओं से नशामुक्त अभियान का हिस्सा बनने का आहवान करते हुए यातायात नियमों का पालन करने की अपील भी की। अनुराग ठाकुर ने कहा कि केन्द्र सरकार ने युवाओं के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं आरम्भ की हैं।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज मण्डी में सप्ताह भर चलने वाले अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के समापन समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हिमाचल के त्योहारों व उत्सवों की दुनिया भर में एक अलग पहचान है और इनके माध्यम से प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिलती है। राज्यपाल ने प्रदेश की संस्कृति को भावी पीढ़ी के लिए संरक्षित करने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि मंडी शिवरात्रि केवल एक महोत्सव नहीं है और यह हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने का त्योहार है। इससे पूर्व, राज्यपाल ने माधोराय मंदिर में पूजा–अर्चना की और शोभा यात्रा में भी भाग लिया।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला जिला के रामपुर विधानसभा क्षेत्र में एक सौ 65 करोड़ रुपये की 25 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास किए। इस अवसर पर सराहन में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित कर रही है जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने कड़े निर्णय लेकर राज्य में व्यवस्था परिवर्तन के ध्येय के साथ सकारात्मक बदलाव लाए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई हैं जिनका लोगों को लाभ मिल रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र भी किया। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पन्द्रह–बीस क्षेत्र में उप–तहसील खोलने, ननखड़ी में बस स्टैंड और शॉपिंग कॉम्पलेक्स के निर्माण, नलाटी स्टेडियम का नामकरण पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के नाम से करने और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला किन्नू का नामकरण शहीद पवन धंगल के नाम से करने की घोषणा की। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस बीच मुख्यमंत्री ने कुमारसैन में 4 करोड़ 26 लाख रूपए लागत से निर्मित बस अड्डे का लोकार्पण किया।

उन्होंने कहा कि इस बस अड्डे से क्षेत्र की 28 पंचायतों के लोग लाभान्वित होंगे। अपने दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने ठियोग उपमण्डल में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ठियोग और मोहरी के नवनिर्मित भवनों का उदघाटन भी किया। उन्होंने ठियोग अस्पताल को जिला स्तरीय अस्पताल में स्तरोन्नत करने घोषणा भी की।

घोषणा

भारत निर्वाचन आयोग कल लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करेगा। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में कल दोपहर चुनाव तिथियों की घोषणा की जाएगी। लोकसभा चुनाव के साथ कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव कार्यक्रम भी घोषित किया जाएगा। वर्तमान लोकसभा का कार्यकाल इस वर्ष 16 जून को समाप्त हो रहा है। वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा 10 मार्च को की गई थी और चुनाव अप्रैल और मई में सात चरणों में संपन्न हुए थे। पिछले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने देश की 5 सौ 43 संसदीय सीटों में से 3 सौ 3 सीटें जीतकर शानदार जीत दर्ज की थी। इस बार

पार्टी का लक्ष्य 3 सौ 70 सीटें जीतने का है। अब तक भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए 2 सौ 67 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है जबकि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने 82 उम्मीदवारों के नाम घोषित किये हैं। वाम दल, तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और कुछ अन्य दलों ने भी अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है।

राम कुमार

मुख्य संसदीय सचिव राम कुमार ने आज सोलन जिला के दून विधानसभा क्षेत्र की बाड़ियां पंचायत के पट्टा महलोग में खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस कार्यालय के खुलने से क्षेत्र की 25 पंचायतों के 61 हजार 8 सौ से अधिक लोग लाभान्वित होंगे।

प्राकृतिक खेती

प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के राज्य परियोजना निदेशक हेमिस नेगी ने कहा है कि राजीव गांधी प्राकृतिक खेती स्टार्टअप योजना के तहत इस वर्ष किसानों व बागवानों को स्वरोजगार से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के प्रयास किए जाएंगे। शिमला में आज एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने अधिकारियों को मुख्यमंत्री द्वारा की गई बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने और आगामी वित्त वर्ष में योजना के तहत किए जाने वाले कार्यों की कार्ययोजना 31 मार्च से पहले तैयार करके भेजने के निर्देश दिए। हेमिस नेगी ने कहा कि इस वर्ष लाहौल–स्पीति जिले के काजा और चंबा जिले के पांगी क्षेत्र को पूरी तरह से प्राकृतिक खेती में परिवर्तित करने के लिए प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन स्थानों पर उगने वाले फल, सब्जियों और अनाजों के विपणन के लिए भी उचित प्रबंध किए जाएंगे।

नमो टी–स्टॉल

भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश भर में 17 मार्च को सभी मंडलों में 5 सौ से अधिक स्थानों पर नमो टी स्टॉल लगाएगा। मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज शर्मा ने बताया कि प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र के महाविद्यालय परिसरों के बाहर, चौक–चौराहों पर और अधिक भीड़–भाड़ या बड़े बाजार वाले क्षेत्र में युवा मोर्चा की टीमें नमो टी स्टॉल लगाएंगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान मोर्चा के सदस्य लोगों को चाय पिलाने के साथ साथ देशभर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे माइक्रो डोनेशन अभियान में नमो टी स्टॉल के माध्यम से नमो ऐप डाउनलोड करवा कर माइक्रो डोनेशन करवाएंगे। नमो टी स्टॉल के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 10 साल की उपलब्धियां लोगों को बताई जाएंगी।

प्रबोध सक्सेना

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने कहा है कि स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की बिक्री को प्रोत्साहित करने के लिए आगामी जून माह तक सुपर ब्रांड ऑफ हिमाचल लॉन्च किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसमें स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार अच्छे उत्पादों का चयन किया जाएगा। मुख्य सचिव ने मंडी जिले के स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों के विपणन और संवर्धन के लिए जिला प्रशासन की

पहल पर तैयार किए गए माण्डव ब्रांड और प्रतीक चिन्ह का विमोचन करने के अवसर पर ये जानकारी दी।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर

- सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने ऊना रेलवे स्टेशन से इंदौर के लिए एक्सप्रैस रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना।
- केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने युवाओं से नशामुक्त अभियान का हिस्सा बनने का किया आहवान–युवाओं को वितरित किए 3 हजार से अधिक हैलमेट।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रामपुर विधानसभा क्षेत्र में एक सौ 65 करोड़ रूपए की विकास योजनाओं के किए लोकार्पण व शिलान्यास।
- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कल की जाएगी लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा।

नमस्कार।